केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिह शेखावत का सीएसआईआर-सीरी आगमन

संस्थान की शोध गतिविधियों का किया अवलोकन

भारत सरकार में जल शक्ति मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री श्री गजेन्द्र सिह शेखावत का दिनांक 22 नवंबर, 2023 को सीएसआईआर-सीरी आगमन हुआ। डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी ने माननीय मंत्री जी का औपचारिक स्वागत किया। डॉ पंचारिया ने माननीय शेखावत जी को संस्थान की शोध उपलब्धियों एवं प्रमुख शोध उपलब्धियों से अवगत कराया।

श्री गजेन्द्र सिह, माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से
संस्थान की शोध गतिविधियों पर चर्चा करते हुए
डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी

संस्थान की शोध गतिविधियों का अवलोकन करते हुए माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिह शेखावत

अपने संक्षिप्त पिलानी प्रवास के दौरान 23 नवंबर, 2023 को माननीय केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिह शेखावत ने संस्थान की शोध गितविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने संस्थान की सेमिकंडक्टर प्रयोगशाला में एलईडी निर्माण, माइक्रोवेव प्रयोगशाला में हाइड्रोजन उत्पादन और प्रीसीजन कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों में विशेष रुचि ली।

प्रीसीज़न कृषि प्रायोगिक केंद्र का अवलोकन करते हुए माननीय केंद्रीय जलशक्ति मंत्री

श्री शेखावत ने संस्थान में चल रही वैज्ञानिक गतिविधियों की सराहना करते हुए डॉ पंचारिया और उनकी टीम को शुभकामनाएं दीं।

डॉ पंचारिया ने संस्थान में पधारने और शोध गतिविधियों का अवलोकन करने के लिए मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया।